भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार

icmr
INDIAN COUNCIL OF MEDICAL RESEARCH
Serving the nation since 1911

Indian Council of Medical Research
Department of Health Research, Ministry of Health and Family Welfare, Government of India

# भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद

विज्ञा. सं. आईसीएमआर/ई-174790/एफएमआर/सीडी (II) दिनांक: 27.09.2024

परिषद मुख्यालय, का अंशकालिक परियोजना के लिए पूरी तरह से अस्थायी संविदा आधार पर निम्नलिखित गैर-संस्थागत पद को भरने का प्रयोजन है।

| क्र.सं. | विवरण | अनिवार्यताएं/जानकारी |
|---|---|---|
| 1. | परियोजना का नाम | एंटीमाइक्रोबाइल रेसिस्टेंस (एएमआर) संयोजन एकक, परिषद, मुख्यालय |
| 2. | पदनाम | परियोजना वैज्ञानिक परमार्शक (गैर-चिकित्सा) |
| 3. | रिक्तियों की संख्या | दो पद |
| 4. | अनिवार्य अर्हकताएं | 10 वर्षों के अनुभव के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संबंधित विषय में प्रथम श्रेणी में मास्टर डिग्री<br>अथवा<br>10 वर्षों के अनुभव के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संबंधित विषय में द्वितीय श्रेणी में एम.एससी. + पीएच.डी. डिग्री |
| 5. | अनुभव | -जन स्वास्थ्य कार्यक्रम में कार्य का पूर्व अनुभव<br>- एंटीमाइक्रोबाइल रेसिस्टेंस का ज्ञान<br>-स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की सरकारी पहलओं का ज्ञान<br>-प्रतिवेदन (रिपोर्ट्स), प्रकाशन, प्रस्तुतीकरण<br>-विस्तृत बहु-केंद्रित परियोजनाओं का संयोजन का अनुभव<br>-यात्रा का इच्छुक |
| 5. | आयु | अंतिम तारीख पर 50 वर्ष |
| 6. | समेकित पारिश्रमिक | समेकित वेतन 1,00,000/- रुपये प्रतिमाह |
| 7. | अवधि | एक वर्ष |

योग्य अभ्यर्थी आवेदन जमा करने की निर्धारित तारीख और समय के भीतर अर्थात **12 अक्टूबर, 2024 को 17:00 बजे तक** amr.icmrhqrs@gmail.com पर अपना आवेदन ईमेल के माध्यम से जमा कर सकते हैं। **देरी से/विलंबित से/अपूर्ण/अहस्ताक्षरित आवेदनों** पर विचार नहीं किया जाएगा और बिना कोई कारण बतायें, बिना कोई सूचना और पत्राचार किए बिना आवेदन रद्द कर दिए जाएगें। अत: अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन समय से पूर्व जमा करवा दें। सफल अभ्यर्थियों की उम्मीदवारी आईसीएमआर द्वारा सभी मूल दस्तावेजों के सत्यापन और योग्यता, आयु और अनुभव आदि के सभी मामलों में आवश्यक पात्रता

मानदंडों की पूर्ति करने के अधीन होगी। **सफल अभ्यर्थियों को ही परीक्षण/और साक्षात्कार के बारे में ईमेल के माध्यम से सूचित किया जाएगा।**

**नियम और शर्तें:-**

1. यह पद पूर्णत: अस्थायी परियोजनाओं के लिए हैं तथा परियोजना की समाप्ति के साथ ही समाप्त होना है।
2. उपरोक्त विज्ञापित परियोजना मानव संसाधन पदों की नियुक्ति धन की उपलब्धता, कार्यात्मक आवश्यकताओं और सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन पर निर्भर करेगी। अत: हम सभी विज्ञापित परियोजना मानव संसाधन पदों को भरने के लिए प्रतिबद्ध नहीं हैं और प्रक्रिया को किसी भी समय वापस लिया जा सकता है / रद्द / संशोधित किया जा सकता है।

3. इस विज्ञापन में दर्शाई गई परिलब्धियां/वजीफा की दरें परियोजना विशेष के लिए हैं तथा परियोजना की वित्तपोषण एजेंसी की मंजूरी के अनुसार भिन्न हो सकती हैं।

4. आयु सीमा की अंतिम तारीख आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि ही होगी।

5. आयु में छूट आईसीएमआर के दिशा-निर्देशों के अनुसार होगी।

6. अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के अभ्यर्थियों को अपना नवीनतम जाति वैधता प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा। उनके पास तीन वर्षों के भीतर जारी किया गया नवीनतम गैर-क्रीमी लेयर प्रमाण-पत्र होना चाहिए। दिव्यांग अभ्यर्थियों को सरकारी अस्पताल के मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी नवीनतम विकलांगता प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा, जिसमें विकलांगता 40% से कम न हो।

7. प्रत्येक पद के लिए अलग-अलग आवेदन प्रस्तुत किया जाना चाहिए। सफल अभ्यर्थियों को परियोजना का आवंटन सक्षम प्राधिकारी द्वारा अपने विवेक पर तय किया जाएगा।

8. प्रतिष्ठित संस्थान से प्रासंगिक विषय/क्षेत्र में योग्यता और अनुभव होना चाहिए। न्यूनतम अनिवार्य अर्हकता प्राप्त करने के बाद का अनुभव मान्य होगा।
9. केवल अनिवार्य अर्हकता पूरी करना ही चयन की गारंटी नहीं है।

10. चयनित अभ्यर्थियों का चयन लिखित परीक्षा एवं व्यक्तिगत चर्चा के आधार पर होगा।

11. किसी भी सरकारी विभाग/संगठन के अंतर्गत पहले से ही नियमित रूप से वेतनमान सेवा में कार्यरत व्यक्ति आवेदन करने के लिए पात्र नहीं हैं।

12. कोई यात्रा/दैनिक भत्ता नहीं दिया जाएगा और अभ्यर्थियों को अपने परिवहन/आवास की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।

13. आईसीएमआर किसी भी आवेदन/उम्मीदवारी पर विचार करने या उसे अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

14. चयन प्रक्रिया के दौरान गलत या झूठी जानकारी प्रस्तुत करने पर किसी भी स्तर पर उम्मीदवारी अयोग्य घोषित कर दी जाएगी।

15. समय की कमी के कारण परियोजना की श्रम-शक्ति वाले को पीएचडी के पंजीकरण की अनुमति नहीं दी जा सकती।
16. परियोजना मानव संसाधन पदों पर नियुक्त व्यक्तियों को सामान्यतः अध्ययन स्थल पर ही नियुक्त किया जाएगा; हालाँकि, शोध कार्य के हित में उन्हें किसी अन्य स्थल पर भी नियुक्त किया जा सकता है। उन्हें देश के किसी भी हिस्से में सेवा देनी होगी।

17. परियोजना मानव संसाधन पदों पर कार्यरत व्यक्तियों का आईसीएमआर या इसके किसी संस्थान/केंद्र या भारत सरकार के किसी विभाग में नियमित पद पर कोई दावा नहीं होगा और किसी एक या एक से अधिक परियोजनाओं में ब्रेक के साथ या बिना ब्रेक के उनकी परियोजना अवधि उन्हें किसी अन्य परियोजना में आगे के असाइनमेंट या स्थानांतरण या वित्तपोषित एजेंसी या आईसीएमआर में सेवा में नियुक्ति/समावेशन/नियमितीकरण का कोई अधिकार नहीं देगी। भविष्य निधि, पेंशन योजना, अवकाश यात्रा रियायत, चिकित्सा दावा, स्टाफ क्वार्टर और आईसीएमआर के नियमित कर्मचारियों के लिए लागू अन्य सुविधाओं के लाभ आदि परियोजना मानव संसाधन पदों के लिए स्वीकार्य नहीं हैं।

18. सफल अभ्यर्थियों को आम तौर पर परियोजना मानव संसाधन पद पर शुरू में एक वर्ष या उससे कम अवधि के लिए नियुक्त किया जाएगा, जो परियोजना की अवधि और कार्यात्मक आवश्यकताओं पर निर्भर करेगा। परियोजना मानव संसाधन पदों की नियुक्ति की निरंतरता / विस्तार कार्य-निष्पादन के मूल्यांकन, परियोजना की अवधि, निधियों की उपलब्धता, कार्यात्मक आवश्यकताओं और सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन पर निर्भर करेगा। किसी भी या एक से अधिक परियोजनाओं में किसी भी परियोजना मानव संसाधन पद की अधिकतम अवधि, ब्रेक के साथ या बिना ब्रेक के केवल पाँच वर्ष होगी। संबंधित परियोजना अन्वेषक, प्रभाग प्रमुख और मेजबान संस्थान के प्रमुख महानिदेशक, आईसीएमआर की पूर्व सहमति के बिना किसी भी परियोजना मानव संसाधन पद को किसी भी या एक से अधिक परियोजनाओं में ब्रेक के साथ या बिना ब्रेक के पाँच साल से अधिक समय तक जारी रखने / विस्तार देने के लिए व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार और जवाबदेह होंगे।

19. आईसीएमआर, बिना कोई कारण बताए, सहमत संविदा अवधि या विस्तारित संविदा अवधि के दौरान भी चयनित अभ्यर्थी की सेवाओं को समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

20. छुट्टी परियोजना मानव संसाधन के लिए आईसीएमआर की नीति के अनुसार होगी।

21. अभ्यर्थी को निर्धारित प्रारूप में अपना विधिवत भरा हुआ आवेदन पत्र, हाल ही का एक पासपोर्ट साइज की रंगीन फोटो के साथ विस्तृत जीवनवृत्त/सीवी और सभी प्रासंगिक दस्तावेज; **स्वयं द्वारा सत्यापित;** अपनी शैक्षिक योग्यता [10वीं कक्षा से आगे के सभी प्रमाण पत्र और अंकतालिका], कार्य अनुभव, आयु, जाति और फोटो पहचान पत्र [आधार कार्ड/भारतीय पासपोर्ट/पैन कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस] आदि के साक्ष्य के रूप में आवेदन जमा करने की निर्धारित तिथि और समय के भीतर जमा करने होगें, ऐसा न करने पर उसकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा। विलम्ब से/अपूर्ण/अहस्ताक्षरित आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा तथा इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।

22. आईसीएमआर अपने विवेक से किसी भी समय प्रक्रिया को रद्द/संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

23. सक्षम प्राधिकारी का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

24. किसी भी रूप में प्रचार करना अयोग्यता होगी।

25. इस विज्ञापन के संबंध में शुद्धिपत्र/परिशिष्ट/आगे की जानकारी; यदि कोई हो; केवल हमारी वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी। अत: अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे इस विज्ञापन से संबंधित आगे की अद्यतन जानकारी के लिए नियमित रूप से आईसीएमआर की वेबसाइट देखते रहें।

# भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद
## Indian Council of Medical Research
### पूर्णत: अस्थाई आधार पर परियोजना मानव संसाधन के पद की भर्ती के लिए आवेदन
Application for engagement of Project Human Resource, purely on temporary contract basis

हाल ही में लिया गया फोटो / Latest photograph

1. परियोजना मानव संसाधन पद के आवेदित पद का नाम/ Name of the Project Human Resource Position, applied for : ______________________

2. विज्ञापन संख्या/ Advertisement No. : ______________________

3. पूरा नाम (सुस्पष्ट अक्षरों में) /Name in full (IN BLOCK LETTERS) : ______________________
[उपनाम][SURNAME] [नाम][NAME]

4. पिता/ पति का नाम /Father's /Husband's Name : ______________________
[पिता/पति] [FATHER/HUSBAND]

5. पत्राचार का पता/Address for Correspondence : ______________________

संपर्क नम्बर/Contact No.______________________
ईमेल आईडी/Email id: ______________________

6. स्थाई पता/Permanent Address : ______________________

7. जन्म-तिथि/(साक्ष्य के लिए प्रमाण-पत्र होना चाहिए)/ Date of Birth (Certificate must be supported) : ____________ उम्र/Age :____________
[dd/mm/yyyy] [years/monts/days]

8. क्या आप एससी/एसटी/ ओबीसी/सामान्य-श्रेणी से है/ Whether SC/ST/OBC/General : ______________________ जाति / Caste______________________

9. वैवाहिक स्थिति/Marital Status : विवाहित/अविवाहित/तलाकशुदा/विधुर/विधवा
Married / Unmarried / divorcee / widower / widow

10. शैक्षिक अर्हकताएं/ Educational Qualifications : (योग्यता के समर्थन में साक्ष्य के रूप में प्रमाण-पत्र होने चाहिए)/ (Certificates in proof of qualifications must be supported).

| क्र. सं. S.N. | उत्तीर्ण परीक्षा/ EXAM. PASSED | श्रेणी/ GRADE | उत्तीर्ण वर्ष/ YEAR OF PASSING | बोर्ड / विश्वविद्यालय/ BOARD / UNIVERSITY | विशेषज्ञता/ SPECIALIZATION |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

**11. कार्य-अनुभव (अनुभव के समर्थन में साक्ष्य के रूप में प्रमाण-पत्र होने चाहिए)/**
**Work Experience (Certificates in proof of experience must be supported):**

| नियोक्ता का नाम/Name of Employer | पद/Post | तारीख से/From date | तक तारीख/To date | छोड़ने का कारण/ Reason for leaving |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

न्यूनतम अनिवार्य अर्हकता प्राप्त करने के बाद प्राप्त कुल अनुभव (वर्षों में)/
Total Experience gained after acquiring the minimum essential qualification (in years): __________

12. नेट/गेट/राष्ट्रीय स्तर की उत्तीर्ण परीक्षाओं का विवरण, यदि कोई हो।
Details of NET/GATE/National level exams passed, if any.

| उत्तीर्ण परीक्षा/Exam passed | उत्तीर्ण होने की तिथि /Date of passing | मान्य समय /Valid till |
|---|---|---|
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |

13. यदि चयनित होते हैं तो आपको कार्यभार ग्रहण करने के लिए कितना समय चाहिए____________
If selected what period would you require to join:____________________.

**टिप्पणी:** अतिरिक्त सूचना, यदि कोई हो, तो अलग से शीट या इस पृष्ठ के अगले पृष्ठ पर दी जा सकती है।
Note: Additional information, if any can be provided on a separate paper or on overleaf of this page.

घोषणा: मैं एतदद्वारा घोषणा करता/करती हूं कि मेरे द्वारा इस फॉर्म में दिया गया विवरण मेरी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार सही हैं। मुझे ज्ञात है कि गलत जानकारी देना या तथ्यों को छिपाना अयोग्यता होगी और उम्मीदवारी रद्द होने की संभावना है/Declaration: I hereby declare that the particulars furnished in this form by me are true to the best of my knowledge and belief. Furnishing of false information or suppression of facts will be disqualification and is likely to render the candidate unfit.

दिनांक/Date: ____________ हस्ताक्षर/Signature: ______________________________

स्थान/Place: ____________ उम्मीदवार का नाम/Name of the candidate: ____________